राजस्थान सरकार
ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग
(अनुभाग–3,नरेगा)

क्रमांक एफ 70()ग्रावि / नरेगा / प्रशिक्षण / बेयर फुट / टैक्नी. / 2015–16 जयपुर, दिनांक 4 DEC 2015

जिला कलक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक ईजीएस
(जिला अजमेर, जयुपर, डूंगरपुर, जोधपुर, कोटा, भरतपुर, बीकानेर)।

विषयः– बेयर फुट टैक्नीशयन के स्क्रीनिंग टेस्ट हेतु निर्देश।

विषयान्तर्गत बेयर फुट टैक्नीशयन के प्रशिक्षण हेतु विभाग के पत्र दिनांक 02.12.2015 द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं उक्त निर्देशों के क्रम में आपके जिले में स्थित पंचायत प्रशिक्षण केन्द्र / संस्थान में स्क्रीनिंग टेस्ट लिया जावेगा, कृपया आपके पर्यवेक्षण में निम्न निर्देशानुसार सम्पादित करावे।

1. स्क्रीनिंग टेस्ट हेतु मुख्य र्काकारी अधिकारी जिला परिषद कोर्डीनेटर एवं आचार्य पंचायत प्रशिक्षण केन्द्र सह कोर्डीनेटर होगें। जिनके द्वारा टेस्ट आयोजन की समस्त तैयारिया, पर्यवेक्षक की नियुक्ति, व्यवस्था इत्यादि सुनिश्चित की जावेगी।
2. टेस्ट का आयोजन प्रातः 11.00 am से 1:30 pm (2.30 घण्टे) तक होगा।
3. जिन अभ्यर्थियों द्वारा स्क्रीनिंग टेस्ट में भाग लिया जावेगा उनकी सूची, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारीयों द्वारा आपके जिले में स्थित पंचायत प्रशिक्षण केन्द्र को प्रेषित की जावेगी। जिसके आधार पर भाग लेने वाले अभ्यर्थियों की अंतिम सूची तैयार कर, नोटिस बोर्ड एंव परीक्षा स्थल पर चस्पा की जावेगी। उक्त सूची अनुसार परीक्षार्थीयों की परीक्षा हेतु बैठक व्यवस्था की जावे।
4. उक्त सूची अनुसार परीक्षार्थीयों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति, उसके द्वारा प्रस्तुत फोटोयुक्त परिचय पत्र के आधार पर दी जावे।
5. परीक्षार्थियों की बैठक व्यवस्था इस प्रकार की जावे ताकि गोपनीयता भंग न हो।
6. प्रश्न पत्र विभाग द्वारा आपको भेजा जावेगा, जिसकी आवश्यकतानुसार प्रतियां परीक्षा तिथि से पूर्व आपकी देखरेख में कराई जाकर, सील्ड लिफाफों में रख ली जावे तथा परीक्षा केन्द्र प्रभारी के समक्ष परीक्षा समय से 1/2 घण्टे पूर्व खोली जावे।
7. प्रश्न पत्रों पर जिले एवं परीक्षा केन्द्र की मुहर एवं पर्यवेक्षक / निरीक्षक के हस्ताक्षर कराए जावे।
8. परीक्षा समाप्ति के उपरांत प्रश्न पत्रों की जांच आपके स्तर पर ही, दोपहर 2:00 बजे के पश्चात् की जावे। उत्तर कुंजी समय से पूर्व आपकों ई–मेल से भेज दी जावेगी। प्रश्न पत्रों की जांच हेतु आपके स्तर से अधिकारियों की नियुक्ति की जावे।
9. परीक्षा केन्द्र पर कानून व्यवस्था, गोपनीयता इत्यादि हेतु समुचित व्यवस्था की जावे।
10. परीक्षा परिणाम राज्य स्तर से ब्लॉक वार जारी किया जाना है। अतः परीक्षा परिणाम तैयार करने के उपरांत में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों का विवरण, निम्न प्रारूप में Excel Sheet में तैयार कर विभाग को 10.12.2015 को सांय 5 बजे तक भिजवाया जावे।

| क.स | परीक्षार्थी का कमांक | परीक्षार्थी का नाम | पिता का नाम | जाति | लिंग | ब्लॉक का नाम | जिला | प्राप्तांक | मोबाईल नं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | |

11. पंचायत प्रशिक्षण केन्द्रो के ई–मेल address, दूरभाष नं. निम्नानुसार हैं

| क्र. स | प्रशिक्षण संस्थान का नाम | नाम | मोबाईल नं. | ई–मेल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायत प्रशिक्षण केन्द्र अजमेर। | श्री राजेश जैन | 9413976639 | ptajmer@gmail.com |
| 2 | पंचायत प्रशिक्षण केन्द्र मण्डोर, जोधपुर | श्री राजेन्द्र सिंह | 9414813644 | rajendra_siyag@yahoo.co.in |
| 3 | पंचायत प्रशिक्षण केन्द्र डूंगरपुर। | श्री नरेश कुमार गांधी | 9602428248 | ptcdungarpur@gmail.com |
| 4 | पंचायत प्रशिक्षण केन्द्र कोटा। | श्री राजेन्द्र कुमार मित्तल | 9414317291 | ptckota@gmail.com |
| 5 | पंचायत प्रशिक्षण केन्द्र बीकानेर। | श्री अमर नाथ | 7597562312 | bikanerptc@gmail.com |
| 6 | पंचायत प्रशिक्षण केन्द्र भरतपुर। | श्री महेश चन्द गोयल | 9413309870 | ptcbharatpur@gmail.com |
| 7 | इन्दिरा गांधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान जयपुर | श्रीमति रंजीता गौतम उपनिदेशक, आईजीपीआरएस | 9829232429 | igprgvs@rajasthan.gov.in |

4/12/15
(रोहित कुमार)
आयुक्त, ईजीएस

प्रतिलिपीः–

1. निजी सचिव, संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास मंत्रालय (महात्मा गांधी नरेगा), भारत सरकार, कृषि भवन, नई दिल्ली।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, जयपुर।
3. निजी सचिव, शासन सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, जयपुर।
4. निजी सचिव, महानिदेशक इन्दिरा गांधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान, जयपुर को प्रतिलिपि भेजकर निवेदन है कि वह अपने स्तर से आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु संबंधितों को निर्देशित करावे।
5. निजी सचिव, आयुक्त, ईजीएस।
6. समस्त जिला कलक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक (जिला अजमेर, जयुपर, जोधपुर, डूंगरपुर, कोटा, भरतपुर, बीकानेर को छोडकर) भेजकर लेख है कि उक्तानुसार अभ्यर्थियों को सूचित करें कि वे फोटोयुक्त परिचय पत्र लेकर, परीक्षा केन्द्र पर निर्धारित तिथि व स्थल में उपस्थित रहे अन्यथा भविष्य में BFT's हेतु विचार नहीं किया जावेगा।

7. मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, ईजीएस, जिला परिषद, समस्त को भेजकर लेख है कि विभागीय आदेश दिनांक 02.12.2015 के अनुसरण में पात्र अभ्यर्थियों की अंतिम सूची सम्बन्धित प्रशिक्षण केन्द्र के कॉर्डिनेटर/सह कॉर्डिनेटर को दिनांक 08.12.2015 तक भिजवावे तथा अभ्यर्थियों को भी सूचित करें कि वे फोटोयुक्त परिचय पत्र लेकर, परीक्षा केन्द्र पर निर्धारित तिथि व स्थल में उपस्थित रहे अन्यथा भविष्य में BFT's हेतु विचार नहीं किया जावेगा।
8. अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, ईजीएस, जिला परिषद बाडमेर एवं जयपुर को उक्तानुसार कार्यवाही हेतु।
9. अति० निदेशक इन्दिरा गांधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान जयपुर को भेजकर लेख है कि उपरोक्त प्रशिक्षण कार्य हेतु अपने स्तर से समस्त आवश्यक कार्यवाही/निर्देश जारी करे।
10. परियोजना निदेशक राजीविका को प्रतिलिपी भेजकर उक्तानुसार अपने स्तर से कार्यवाही कर सम्बन्धितों को सूचित किये जाने हेतु।
11. सम्बन्धित श्री.................................।
12. रक्षित पत्रावली।

अति० आयुक्त प्रथम, ईजीएस